Separate Department of Virology in RIMS

1955. SHRI W. ANGOU SINGH: Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether it is fact that the Director/Regional Institute of Medical Science (RIMS), Manipur has submitted a proposal for establishing a Separate Department of Virology and upgradation of clinical biochemistry and forensic medicine in the RIMS;

(b) if so, by when it will be started, if not, the reasons therefor; and

(c) whether it is a fact that the Virology department is not opened in the Medical Institute of North-East?

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI L. K. ADVANI): (a) Yes, Sir.

(b) and (c) Virology Section is already in existence in Regional Institute of Medical Sciences, Imphal. The upgradation proposals from part of the Phase-II development project of RIMS.

ईसाई मिशनरियों की गतिविधियों की निगरानी

1956. **श्री अनन्तराय देवशंकर दवे** : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार हाल ही के वर्षों में पूर्वोत्तर राज्यों तथा उड़ीसा के कई हिस्सों में कुछ ईसाई मिशनरियों द्वारा चलायी जा रही गतिविधियों की निगरानी रख रही है;

(ख) क्या इन राज्यों के कुछ हिस्सों में धर्म परिवर्तन की गतिविधियां चल रही हैं;

(ग) क्या इन राज्यों के कुछ हिस्सों में तनाव उत्पन्न किये जाने के समाचार प्राप्त हुए हैं; और

(घ) यदि हां, तो इस मामले में सरकार द्वारा क्या कार्यवाई की गई है ?

गृह मंत्री (श्री लाल कृष्ण आडवाणी): (क) और (ख) सरकार व्यक्तियों और संगठनों की ऐसी गतिविधियों, जो सांप्रादायिक शांति में विघ्न डाल सकती है, पर नजर रखती है । स्वेच्छा से धर्म परिवर्तन होते रहते हैं तथापि, इस प्रकार के धर्म परिवर्तनों के संबन्ध में ब्यौरे केन्द्रीय सरकार द्वारा नहीं रखे जाते हैं ।

(ग) और (घ) भारत के संविधान के अनुसार "लोक व्यवस्था" और "पुलिस' राज्य के विषय हैं : अतः अपराधों को दर्ज करने, उनकी जांच करने, पता लगाने और अपराधों की रोकथाम करने की जिम्मेदारी मुख्यतया राज्य सरकारों की हैं ।

हालांकि, अपराधों से निपटने का काम राज्य सरकारों का है, केन्द्र सरकार उनके साथ आसूचना के आदान-प्रदान के अलावा, राज्य सरकारों को उनकी पुलिस संरचना में सुधार लाने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करती रही है । इसमें एक विशेष बल का भी गठन किया है, जिसे त्वरित कारवाई बल कहते हैं, जो सांप्रदायिक स्थितियों को नियंत्रित करने में राज्य सरकारों को मदद करती है । विभिन्न समुदायों के सदस्यों के बीच दुर्भावना, घृणा और असामंजस्यता फैलाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कारवाई करने की आवश्यकता की तरफ राज्य सरकारों का ध्यान आकर्षित करते हुए समय-समय पर मार्गदर्शी सिद्धांत भी जारी किए गए हैं ।

Reserve of Natural gas in Tripura

1957. SHRI KHAGEN DAS: SHRIMATI CHANDRA KALA PANDEY:

Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state:

(a) the estimated reserve of Natural Gas in Tripura;

(b) the recoverable reserve;